**कार्यालय निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

पत्रांक 37 /ईपीडी0/2015–16 दिनांक 29.7.2015

समस्त अपर निदेशक ग्रेड-2
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः**– एन0 ए0 डी0 आर0 एस0 प्रगति एवं संवीक्षण रिर्पोट तथा तकनीकि निर्देशिका को प्राप्त करने के सम्बन्ध में।

अवगत कराना है कि एनीमल डिजीज सर्विलेन्स रिर्पोट एवं एन0 ए0 डी0 आर0 एस0 प्रगति–2015 तथा तकनीकी निर्देशिका का विमोचन माननीय मंत्री पशुधन, उ0 प्र0 सरकार श्री राजकिशोर सिंह जी द्वारा दिनांक 06–7–2015 को विश्व जूनोसिस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया है।

इस पुस्तिका में एन0 ए0 डी0 आर0 एस0 से सम्बन्धित ऑकडों को दर्शाया गया है तथा प्रदेश में होने वाली बीमारियों के प्रभाव तथा प्रभावित क्षेत्रों की सूचना दी गयी है। यह पुस्तिका प्रदेश के समस्त पशुचिकित्सालयों के लिए उपयोगी है जिसके ज्ञान से पशुपालकों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी दिया जाना सम्भव हो सके।

उपरोक्त के कम में आपको आदेशित किया जाता है कि अपने मण्डल के अधीन आने वाले समस्त जनपदों के प्रत्येक पशु चिकित्सालयों के लिए पुस्तिकाओं की आवश्यकता का आकलन करते हुए निदेशालय स्थित ई0 पी0 डी0 अनुभाग से प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि निदेशालय से पुस्तिका प्राप्त करने के पश्चात उनको जनपदों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिया जाय कि इन पुस्तिकाओं को प्रत्येक पशुचिकित्सालयों को शीघ्र अति शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय। पुस्तिकाओं को प्राप्त करने में विलम्ब न किया जाय जिससे तकनीकी जानकारी का पशुपालकों तक प्रसार शीघ्रता से हो सके।

(रूद्रप्रताप)
निदेशक।

पत्रांक /इपीडी0/2015–16 दिनांक

**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2–संयुक्त सचिव (पशु स्वास्थ्य) कृषि मंत्रालय भारत सरकार नयी दिल्ली।

(रूद्रप्रताप)
निदेशक।